सत्यमेव जयते

रा व स्वा प्र सं
NIPHM

राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय - भारत सरकार

राजेन्द्रनगर - हैदराबाद - 500030 फ़ोन : 040-24013346

किसान की उन्नति, देश की प्रगति

विजन : विविध कृषि-जलवायु परिस्थितियों में पर्यावरण के अनुकूल वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देना, स्वच्छता एवं वनस्पति स्वच्छता मुद्दों तथा उभरती जैव-सुरक्षा संबंधी चुनौतियों की दिशा में नीति समर्थन प्रदान करना तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त उत्कृष्ट केंद्र के रूप में उभरना।

मिशन : शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान, प्रमाणीकरण, मान्यता, एसपीएस मुद्दों पर नीति समर्थन तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संदर्भों में उत्पन्न जैव-सुरक्षा संबंधी चुनौतियों में मुख्य भूमिका निभाते हुए भारत सरकार, राज्यों और अन्य अंशधारकों (स्टेकहोल्डरों) की सहायता करना। वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करते हुए कृषि-उत्पाद संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना।

अपने मिशन की प्राप्ति हेतु रावस्वाप्रसं निम्न क्षेत्रों में कार्यरत् है :

गतिविधि प्रोफ़ाइल : रावस्वाप्रसं की गतिविधियां छह क्षेत्रों पर केंद्रित हैं: क्षमता निर्माण, अनुकूली अनुसंधान, परामर्श देना, नीतिविकास, शिक्षा और परियोजनाएं।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों : एकीकृत पीएचएम आधारित पारिस्थितिक-तंत्र, पादप जैवसुरक्षा एवं संगरोध, पीड़कनाशी सूत्रीकरण एवं अवशेष विश्लेषण, कशेरूकी एवं संग्रहीत अनाज पीड़क प्रबंधन एवं कृषि अभियांत्रिकी आदि।

प्रबंधन शिक्षण : वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीपीएचएम) ऑन कैम्पस एवं ऑफ कैम्पस कार्यक्रम, पीड़कनाशी प्रबंधन, वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन एवं पादप जैवसुरक्षा में छह माह डिप्लोमा एवं कृषि निवेश में एक वर्षीय डिप्लोमा

परियोजनाएं : आईपीएम पैकेज, जैव-ऊर्वरक प्रशिक्षण सह उत्पादन इकाई का निर्माण, एनपीवी इकाई, अखिल भारतीय समन्वित सूत्रकृमि अनुसंधान केन्द्र, पीड़कनाशियों के प्रभावों का अध्ययन, वरंगल में डीपीएमपी का क्रियान्वयन, दलहन, गेहूं एवं लकड़ियों आदि पर मिथाइल ब्रोमाइड के वैकल्पिक के तौर पर अल्युमिनियम फास्फाइड, कॉफी बीन पर फ्यूमिगेशन का अध्ययन, राष्ट्रीय स्तर पर पीड़कनाशी अवशेष निरीक्षण (एमपीआरएनएल) एवं एनएबीएल प्रत्यायन आदि हेतु पीड़कनाशी परीक्षण प्रयोगशालाओं को परामर्श देना।

सूचना प्रौद्योगिकी व पुस्तकालय सेवाएं : पुस्तकालय में वनस्पति एवं पीड़कनाशी क्षेत्रों से प्रतिष्ठित पत्रिकाओं का समृद्ध संग्रह है। मुद्रित खंडों के अलावा ऑन लाइन सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसमें ई-संसाधनों के जरिए जैसे सीएबीआई ऑनलाइन (फसल संरक्षण संग्रहण) उपलब्ध है। रावस्वाप्रसं अपनी सूचना, सलाह एवं प्रकाशन सेवाओं का प्रसार अपनी वेबसाइट www.niphm.gov.nic द्वारा करता है।